## खबर संक्षेप

### नगर निगम का स्थगित सम्मिलन आज होगा

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी की 18 जून को आयोजित परिषद सम्मिलन की बैठक में शेष प्रस्तावों के संबंध मे चर्चा उपरांत निर्णय लिए जाने हेतु शुक्रवार 27 जून को दोपहर 2 बजे से पुनः बैठक आयोजित करनें का निर्णय लिया गया है। उक्त निर्णय के अनुपालन में नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय के परिषद हॉल में शुक्रवार 27 जून को दोपहर 2 बजे से निगम सम्मिलन का आयोजन किया गया है।

### मच्छरों पर नियंत्रण हेतु दो वार्ड में फगिंग से धुंआ

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु नगर में रोजाना चलाये जानें वाले फागिंग अभियान के तहत बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री वार्ड एवं इंदिरा गांधी वार्ड की विभिन्न गलियों में फागिंग मशीन के माध्यम से रायायनिक धुआं छोडा जाकर मच्छरों के प्रसार पर नियंत्रण लगानें की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के तहत विगत दिवस हरिजन बस्ती की विभिन्न गलियों, बस स्टैंड परिसर, रैन बसेरा, शिवनगर के विभिन्न मार्गो सहित वार्ड की अन्य गलियों में वाहन में स्थपित फगिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुआं छोड़नें की कार्यवाही की गई। मच्छरों पर नियंत्रण के प्रयास तथा नागरिकों को सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गुरूवार को वार्ड क्रमांक 5 एवं 6 की विभिन्न स्थलों में फगिंग अभियान चलाया जायेगा।

### एमएसएमई योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण वितरण आज

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में शुक्रवार 27 जून को रतलाम में रीजनल इण्डस्ट्री स्किल एंड एम्प्लायमेंट कॉनक्लेव का राज्य स्तरीय कार्यकम आयोजित किया जा रहा है। इस कॉनक्लेव के तहत जिले में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यकम में एमएसएमई प्रोत्साहन योजना एवं स्वरोजगार योजनाओं के हितग्राहियों को ऋण वितरण किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। यह कार्यकम कार्यालय कलेक्ट्रेट कटनी के एनआईसी कक्ष में आयोजित होगा।

### उमरियापान में आज निकाली जाएगी जगन्नाथ रथयात्रा

**उमरियापान।** सामूहिक वैश्य समाज के द्वारा उमरियापान में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी। मचखंडा मोहल्ला स्थित जगन्नाथ मंदिर से शाम 4 बजे भगवान की रथयात्रा शुरू होगी। प्रमुख मार्गों से होते हुए रथयात्रा डोली मोहल्ला स्थित जगदीश स्वामी मंदिर पंहुचेगी। मंदिर में भगवान के पूजन आरती उपरांत प्रसाद का वितरण किया जायेगा। रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र और सुभद्रा के अलावा अन्य झांकियां शामिल होंगी।

### अलग अलग हादसों में किशोर सहित तीन की हुई मौत

**कटनी।** बड़वारा एवं बाकल थाना क्षेत्र में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरेहटा निवासी एक महिला की कार की टक्कर से मौत हो गई है। बताया जाता है कि देववती पति चंद्रभान 70 निवासी खरेहटा थाना बड़वारा की कार की टक्कर लग जाने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। इसी तरह बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत आकाश कुमार पिता मुरली 19 निवासी सलैया खुर्द की एक्सीडेन्ट में आई चोटों के कारण मौत हो गई है। इसी प्रकार राजा पिता सुखचैन 16 निवासी ग्राम सलैया खुर्द की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है।

उमरियापान थाना के नेगवां के पास हुई घटना, उड़द की कटाई करने जा रहे थे मजदूर

# रोजी-रोटी के लिए जोखिम का सफर, मजदूरों से भरा पिकअप पलटने से दर्जन भर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

रोटी रोटी कमाने के लिए गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों को जान जोखिम का सफर भी करना पड़ता है। फसलों की कटाई या फिर अन्य किसी कार्य के लिए ठेकेदारों द्वारा मजदूर वर्ग के पुरूषों एवं महिलाओं सहित किशारियों को भी पिकअप, ट्रेक्टर या फिर लोडर वाहनों की भेड़ बकरियों की तरह ठूंसकर गंतव्य तक ले जाया जाता है। हैरानी और हद इस बात की है कि याताया नियमों के विपरीत ठेके पर कार्य कराने के लिए मालवाहक वाहनों में मजदूरों को भरकर ले जाया जाता है बावजूद इसके पुलिस विभाग कार्यवाही नहीं करता। हादसे होने के बाद ही कार्यवाही की जहमत की जाती है इसके बाद फिर सब कुछ मनमाने तरीके से चलने लगता है। उमरियापान थाना क्षेत्र में एक पिकअप वाहन में फसल कटाई के लिए महिलाओं व किशोरियों को भरकर ले जाया जा रहा था इसी बीच वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें एक दर्जन महिलाएं एवं किशोरियां घायल हो गई। गनीमत यह रही कि किसी की जान नहीं गई।



जानकारी के अनुसार उड़द की कटाई करने के लिए मजदूरों को पिकअप वाहन में ले जाया जा रहा था उमरियापान थाना अंतर्गत नेगवां गांव में वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। घायलों को उमरियापान अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुए जांच में लिया है।

थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने बताया कि पिकअप वाहन में सनकुई गांव के मजदूर उड़द की कटाई करने परसेल होते हुए सिहोरा थाना के पड़रिया कला गांव के लिए जा रहे थे। नेगवां गांव के पास चालक के हाथों पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में 13 मजदूरों को चोटें आई हैं। पुलिस ने सभी घायलों का उमरियापान अस्पताल में उपचार कराया। पिकअप वाहन में करीब तीन दर्जन मजदूर सवार थे। पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त को थाना परिसर में खड़ा कराया है।

### हादसे में ये हुईं घायल

हादसे में सनकुई निवासी सुशीला कोल 45, सुखवंती कोल 50, नेहा कोल 17, मुन्ना कोल 18, विनीता कोल 20, केतकी बाई 28, संजो बाई 40, गौरा बाई 25, रविंद्र कोल 23, संजना कोल 16, मोहनी कोल 13, संतोष कोल 27, मोनू कोल 22 को चोटें आईं हैं।

### मालवाहकों में ओवरलोड सवारी

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। मजदूरों व श्रमिकों को भेड़ बकरियों की तरह मालवाहक वाहनों में भर कर सफर कराया जाता है। यातायात नियमों को दरकिनार कर थोड़े ज्यादा पैसों की लालच में वाहन चालक लोगों को जोखिम भरा सफर करा रहे हैं। पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं।



# विद्यार्थियों को नशा नहीं करने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा उन्हें एक स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की कार्यक्रम प्रभारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. माधुरी गर्ग ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जिससे न केवल व्यक्ति बल्कि पूरा परिवार और समाज प्रभावित होता है। हमें युवाओं को इससे दूर रखने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे।

कार्यक्रम में डॉ. रुक्मणी प्रताप सिंह जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना ने महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों, शिक्षणोत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को एक स्वर में नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि हम स्वयं नशा नहीं करेंगे और न ही किसी को नशा करने के लिए प्रेरित करेंगे। हम समाज में नशा उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाएंगे। इसके अलावा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को रेखांकित किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उपस्थिति सराहनीय रही।

*अधिकारियों से कई बार शिकायत के बाद भी नहीं दे रहे ध्यान*

# ग्राम बरगवां पहुंच मार्ग की हालत ऐसी जैसे खेत में जुताई की गई हो, चलना भी दुश्वार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा जनपद अंतर्गत लखाखेरा पँचायत अंतर्गत बरगवां नम्बर 01 में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप से ग्राम तक जाने वाली सड़क लगभग साढ़े तीन सौ मीटर जर्जर मिट्टी व कीचड़ से लबरेज स्थिति में है जिसमे से स्कूल आने वाले छात्र छात्राओं तथा ग्राम वासियों को कीचड़ से गुजर कर आना जाना पड़ता है जिससे कई बार ग्राम के लोग गिर पड़ते हैं व उन्हें चोट भी आ जाती है किंतु इस बदहाल सड़क को सुधरवाने में स्थानीय जन प्रतिनिधियों व जनपद के अधिकारियों ने जन हित मे इस सड़क को सुधरवाने में आज तक कोई भी सार्थक पहल व प्रयास नही किये।

ग्राम पंचायत लखाखेरा की सरपंच श्रीमती पूजा दाहिया ने अनेकों बार इस सड़क को सुधरवाने में बड़वारा में जनपद के मुख्यकार्यपालन अधिकारी, जिला पँचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला कलेक्टर के समक्ष लिखित में शिकायत की हैं इसके बावजूद आला अधिकारियों ने ग्राम बरगवां नम्बर 01 की सड़क को दुरुस्त करवाने या नवीन सड़क निर्माण करबाने में पूर्णतः मौन धारण किये हुए हैं।

### इनका कहना है

इस संबंध में लखाखेरा सरपंच श्रीमति पूजा दाहिया ने बताया कि मेरे द्वारा लखाखेरा पँचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम बरगवां नम्बर 01 की बदहाल सड़क को सुधरवाने तथा नवीन सड़क बनवाने विषयक बड़वारा जनपद सीईओ, जिला पँचायत सीईओ, जिला कलेक्टर को पत्राचार कर सड़क बनवाये जाने की मांग की गई है किंतु इसके बावजूद किसी भी प्रकार के सार्थक परिणाम सामने नही आये है।प्रशासन के उच्च अधिकारियों व बड़वारा विधायक जी से मांग की जाती है कि बरगवां नम्बर 01 की सड़क को सुधरवाया जाए या नवीन सड़क का निर्माण करवाया जाए जिससे छात्र छात्राओं व ग्राम के स्थानीय लोगों को आवागमन करने में सहूलियत हो।

## कटनी एवं रीठी में जलदूतों को दिया गया प्रशिक्षण



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के जलदूतों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत कटनी में जनपद पंचायत के सीईओ प्रदीप सिंह की अध्यक्षता में 128 जलदूतों को प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर वर्षा जैन, अवधेश दाहिया पीसीओ एवं बालमुकुंद मिश्रा जन अभियान परिषद द्वारा दिया गया । इसी प्रकार जनपद पंचायत रीठी में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर भागीरथ पटेल द्वारा 187 जलदूतों को प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भू-जल स्तर की गुणवत्ता की निगरानी करने और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में इस प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रशिक्षण के उपरांत सभी प्रशिक्षित जलदूतों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# 6 करोड़ 39 लाख रूपये की राशि वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत मई माह मे जिले के 1 लाख 6 हजार 563 हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 39 लाख 30 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। इन योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को 600 रूपये प्रतिमाह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि दी जाती है।

### पेंशन सहायता राशि

राज्य शासन द्वारा मई माह के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्त पेंशन योजना के तहत 3 हजार 443 हितग्राहियों को 20 लाख 65 हजार 800 रूपये की राशि की पेंशन सहायता राशि का वितरण किया गया। इसी तरह इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 46 हजार 978 हितग्राहियों को 2 करोड़ 81 लाख 86 हजार 800 रूपये प्रदान किये गए हैं।

वहीं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत जिले के 21 हजार 540 हितग्राहियों को 1 करोड़ 29 लाख 24 हजार रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया है। कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 1 हजार 417 हितग्राहियों को 8 लाख 50 हजार 200 रूपये की राशि का वितरण किया गया है।

### इतनी राशि का वितरण

वहीं दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन स्कीम के तहत 2 हजार 183 हितग्राहियों को 13 लाख 9 हजार 800 रूपये, मुख्यमंत्री अविवाहित पेंशन योजना के तहत 54 हितग्राहियों को 32 हजार 400 रूपये, सीएम सोशल सेक्योरिटी कल्याणी स्कीम के अंतर्गत जिले के 18 हजार 777 हितग्राहियों को 1 करोड़ 12 लाख 66 हजार 200 रूपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया। एकाधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के लिए सहायता योजना के तहत जिले के 1 हजार 193 हितग्राहियों को 7 लाख 15 हजार 800 रुपये, सामाजिक सुरक्षा वृद्धाश्रम पेंशन योजना के तहत 1852 हितग्राहियों को 11 लाख 11 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा विकलांग पेंशन योजना के तहत 8 हजार 735 हितग्राहियों को 52 लाख 33 हजार 200 रुपये, सामाजिक सुरक्षा परित्यक्ता पेंशन योजना के 385 हितग्राहियों को 2 लाख 31 हजार रुपये तथा वृद्धाश्रम में निवासरत 6 हितग्राहियों को 3600 रुपये की पेंशन राशि का वितरण किया गया।

*वीरांगना दुर्गावती के बलिदान दिवस पर हुआ कार्यक्रम*

# समाज को संगठित रहने एवं युवाओं को आगे आकर नेतृत्व करने किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वीरांगना महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस कार्यक्रम का आयोजन गोंडवाना सेना मध्य प्रदेश द्वारा बड़वारा मे किया उपरोक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम महारानी वीरांगना दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया, तदुपरांत उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों का हल्दी चावल से तिलक वंदन कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का बारी बारी उद्बोधन हुआ।



उद्बोधन के क्रम में अजाक्स जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे ने अपने उद्बोधन मे समाज को संगठित रहने, एवं समाज के युवाओं को आगे आकर समाज का नेतृत्व करने के लिए आवाहन किये, एवं सोहन लाल चौधरी पूर्व अजाक्स जिला अध्यक्ष कटनी ने समाज के युवाओं को राजनीति में आने की बात कहते हुए समाज में हो रहे अन्याय अत्याचार के खिलाफ मुखर होकर संघर्ष करने तथा आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिए छोटे छोटे उद्योग धंधे एवं व्यवसाय की ओर आने के लिए बात प्रमुखता से रखी ।

कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम के आयोजक अरविंद सिंह तेक़ाम गोंडवाना सेना प्रमुख के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में सर्व समाज एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की उपस्थिति रही जिसमें प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष अजाक्स बड़वारा श्री मंगल सिंह बड़कड़े, जी एस यू जिलाध्यक्ष मनीषा धुर्वे, श्री दरयाब सिंह, पूरण परस्ते, शिवेंद्र सैयाम, मधु सूदन शाह मराबी स्टेशन मास्टर, हरकेश चौधरी, राघवेंद्र सिंह, सूरज सिंह कुलसते ध्यान सिंह परस्ते, राकेश तिलगाम, आदि उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने नागरिकों से सावधानी और सतर्कता बरतने किया आग्रह

# नदी-नालों में बाढ़ आने पर पार करने के लिए जान जोखिम में न डालें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मानसून के दौरान बारिश को देखते हुए आम नागरिकों से इस दौरान सावधानी बरतने की अपील की है। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

### बिल्कुल भी न लें जोखिम

कलेक्टर श्री यादव ने कहा है की मौसमी नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि होने पर उनसे सुरक्षित दूरी बना कर रखें। नदी-नालों के उफान पर होने पर रपटा, पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बहने की स्थिति में इसे वाहन सहित या पैदल पार करने का दुस्साहस बिल्कुल नहीं करें। किसी भी हाल में जान जोखिम में न डालें। ऐसा खुद भी करें और दूसरों को भी बढ़े जलस्तर वाले जल स्त्रोत नदी-नाले से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने की सलाह दें।

### पानी उफान पर होने पर पुल-पुलिया पार नहीं करें

बारिश से नदी-नालों एवं निचले इलाकों में पानी का स्तर अचानक तेजी से बढ़ता है, विशेष कर पहाड़ी क्षेत्रों में नदी नालों में जल्दी ही पानी का स्तर बढ़ जाता है। ऐसे में जलस्तर के घटने का इंतजार करें या कहीं आने-जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें। लेकिन किसी भी स्थिति में उफान और बढ़े जलस्तर वाले पुल- पुलिया, नदी- नालों को पार नहीं करें। जिंदगी अनमोल है, छोटी सी गलती और दुस्साहस से जीवन को संकट में न डालें। कलेक्टर श्री यादव ने जिले के आमजनों से अपील की है कि वे नदी- नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं।

### पहले से कर लें व्यवस्थाएं

कलेक्टर श्री यादव ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार सहित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्य क्षेत्र के संभावित जल भराव वाले निचले हिस्से और तटीय इलाकों पर नजर रखें। कलेक्टर ने आपदा राहत की विगत दिनों आयोजित बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया था कि ज़रूरत के मुताबिक स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पशुधन और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने के लिए स्थलों का पहले से चयन कर लें और खाद्यान्न सहित दवाइयों की भी पर्याप्त व्यवस्था कर लेवें।

### रील व सेल्फी के चक्कर में जान जोखिम में न डालें

मानसून के सक्रिय होने से मौसम भी सुहाना हो चुका है। ऐसे में नदी -नालों ,पुल- पुलिया के किनारे और प्राकृतिक झरने वाले स्पॉट्स लोगों की पहली पसंद होती है। ऐसे में मौसम का लुत्फ जरूर उठाएँ लेकिन रील बनाने, सेल्फी लेने और रोमांच के चक्कर में अपनी और अपने परिवार की जान से खिलवाड़ न करें, विशेष कर बच्चों को तेज पानी के बहाव वाले स्थान पर न जाने दें।क्योंकि लगातार हो रही बारिश के कारण कब, कहाँ से पानी का बहाव तेज हो जाए, ये किसी को नहीं पता। जिला प्रशासन और पुलिस आपको समझाइश दे सकता है और अलर्ट कर सकता है, लेकिन अंतिम निर्णय आपकी समझदारी पर ही निर्भर होगा।

### सुरक्षित दूरी बनाकर रखें

शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया है कि वे छात्रों को बतायें कि नदी -नालों के ऊपर पानी का बहाव होने पर इस स्थान से सुरक्षित दूरी बना कर रखें, इसे पार करने का जोखिम न उठाएं।

# प्रभारी आयुक्त ने रथ यात्रा की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आज शुक्रवार 27 जून को जगन्नाथ स्वामी मंदिर से आयोजित होने वाली रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्था का गुरुवार को प्रभारी आयुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया जाकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

प्रभारी आयुक्त द्वारा गुरूवार को आयोजित होनें वाली वाहन रैली को दृष्टिगत रखते हुए जगदीश स्वामी मंदिर पहुंचकर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों सहित जुलूस रूट मार्ग में निगम प्रशासन द्वारा की जानें वाली साफ-सफाई, चूने की लाईनिंग, कीटनाशक दवाईयों के छिड़काव सहित प्रकाश एवं अन्य वयवस्था का जायजा लिया जाकर उपस्थित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखनें के निर्देश दिए। प्रभारी आयुक्त श्री गुप्ता ने अधिकारियों को शुक्रवार को आयोजित होनें वाली जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग जगन्नाथ मंदिर, जगन्नाथ चैक, आजाद चैक, शेर चैक, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चैक, कमानिया गेट एवं सब्जी मंडी मार्ग राधा कृष्ण मंदिर के पास निगम प्रशासन द्वारा की जानें वाली साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश, सुगम आवागमन सहित अन्य आवश्यक समस्त व्यवस्थाएं निर्धारित समय पर पूर्ण करानें के निर्देश निगम के मौजूद अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री आदेश जैन स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित अतिक्रमण एवं विद्युत अधिकारी की मौजूदगी रही।

## खबर संक्षेप

### बारिश में बिजली हादसों से बचने दी सलाह

**उमरियापान।** बारिश के मौसम में बिजली जनित हादसों से बचाव को लेकर विधुत विभाग ने ग्रामीणों को सावधानी बरतने एडवाइजरी जारी किया है। विधुत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बारिश के मौसम में बिजली के खंभों को नहीं छुए,खंभों से मवेशियों को न बांधे। बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम न करे।खेत की मेड़ पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रखकर ही जुताई करे। बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज,जेई,संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दे।ट्रांसफार्मर,लाईनों पर बम्बू से या किसी और चीज से कुंडी नहीं डाले, हेवी लाइनों पर रिसाव होने से व ग्राउंड होने से बड़ा हादसा हो सकता है । उमरियापान कनिष्ठ अभियंता वीरेन्द्र उइके ने कहा कि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के उपर से नीची हो तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज या फिर सब स्टेशन पर सूचना दें ताकि समय पर सुधार हों सके। बिजली खंभों को चार दिवारी या बाउंड्रीवाल में अतिक्रमण न करें, हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है।

### संविधान हत्या दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**उमरियापान।** संविधान हत्या दिवस के मौके पर शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में एक दिवसीय संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय के डॉ.जयप्रकाश अवस्थी ने आपातकाल में होने वाली समस्या को उजागर किया। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 के दिन कालिख अक्षरों में लिखा गया। जिसमें नागरिक स्वतंत्रता का व्यापक रूप से हनन, संवैधानिक सुरक्षा उपायों का क्षरण और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया। इस मौके पर ड़ॉ आशीष पांडे, डॉ ईश्वरदीन चौधरी,डॉ जयश्री शुक्ला, डॉ नीमा सिंह, डॉ सोनम साहू, रहवर रजा मंसूरी, डॉ अरुणादास,परामर्शदाता सुमित सिंह ठाकुर के अलावा छात्रों की उपस्थिति रही।

### बड़वारा में 225 जलदूतों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश एवं जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के जलदूतों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जनपद पंचायत बड़वारा में राज्य स्तर से मास्टर ट्रेनर डॉ. अजीत सिंह, सहायक यंत्री आर बी सिंह, मानव जीवन संस्था के प्रमुख एवं पर्यावरणविद एवं मानव विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, सहायक लेखा अधिकारी गोविन्द सिंह, बबिता सिंह, विनय सिंह एवं प्रदीप उर्मलिया द्वारा जलदूतों को प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भूदृजल स्तर की गुणवत्ता की निगरानी करने और जल संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने में इस प्रशिक्षण की महत्त्वपूर्ण भूमिका होगी। प्रशिक्षण के उपरांत जनपद पंचायत बड़वारा के उपाध्यक्ष श्री रामसेवक दुबे की उपस्थिति में जलदूतों को प्रमाण पत्र दिए गए।

### वन परिक्षेत्र में किया गया पौधारोपण

**विजयराघवगढ़।** वनपरिक्षेत्र विजयराघवगढ़ अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। पौधा रोपण कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों, विभिन्न अधिकारियों कर्मचारियों, ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। एक्सीलेंस स्कूल विजयराघवगढ़ के 50 से अधिक छात्र शामिल हुए साथ ही उनके शिक्षक, बीआरएस ऑफिस के कर्मचारी व शिक्षक भी शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत विजयराघवगढ़ अध्यक्ष, दर्पण ग्राम बंजारी, सरपंच ग्राम टीकर, ग्राम वन समिति अध्यक्ष बंजारी, टीकर और विभिन्न ग्रामीण शामिल हुए। अधिकारियों में उप वनमंडल अधिकारी कटनी पूर्व, वन परिक्षेत्र अधिकारी विगढ़, जनपद सीईओ, बीएमओ, वेटरनरी ऑफिसर, टीआई कैमूर, टीआई विजयराघवगढ़, एसीसी कैमूर के प्रतिनिधि शामिल हुए। वन परिक्षेत्र अधिकारी विजयराघवगढ़ एवं समस्त वन कर्मचारियों ने शामिल रहकर पौधारोपण किया एवं वन का मुख्य, वन सुरक्षा, वन प्राणी सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन, पौधा कैसे रोपित किया जाए इसकी जानकारी दी।

### एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ, टीआई, एनएच, पीडब्ल्यूडी के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण कर दें प्रतिवेदन

# ब्लैक स्पॉट्स पर संकेतक व रिफ्लेक्टर लगवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने शहर में सुगम आवागमन हेतु पार्किंग स्थलों के निर्धारण, पार्किंग की सुविधा प्रदान करने के साथ ही दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील ब्लैक स्पॉट स्थलों पर दुर्घटना की रोकथाम हेतु चिन्हित स्थलों पर संकेतक, रिफ्लेक्टर ब्लिंकर लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही संबंधित एसडीएम, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ, संबंधित थाना क्षेत्र के टीआई और एनएच, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण कर प्रतिवेदन सौंपने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने यह निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति और हिट एण्ड रन मोटर यान दुर्घटना प्रतिकार के संबंध में आयोजित बैठक में दिए।

बैठक में एसपी अभिनय विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर साधना परस्ते और एएसपी डॉ. संतोष डेहेरिया, सभी एसडीएम और एसडीओपी सहित कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग शारदा सिंह, आरटीओ संतोष पाल सहित अन्य विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति रही।



कलेक्टर श्री यादव ने बैठक में दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क से जुड़े विभिन्न विषयों पर अधिकारियों को जरूरी हिदायतें देते हुए प्रभावी कदम उठाने और कारगर पहल करने के निर्देश दिए।

#### अतिक्रमण हटाकर बनाएं पार्किंग

बैठक में विश्वकर्मा पार्क में पर्याप्त खाली जगह होने के बाद भी आस-पास के दुकानदारों एवं रूई बाजार में पड़े पार्किंग स्थल को स्थानीय दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाकर दुकानदारों के संगठनों के द्वारा ही सशुल्क पार्किंग कराये जाने पर चर्चा की गई। इसके अलावा आजाद चौक में वर्कशाप दुकानों में वाहनों को सड़क में अतिक्रमण कर मरम्मत करने की वजह से बनने वाली जाम की स्थिति से निजात दिलाने नगर निगम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

#### ये है मुख्य ब्लैक स्पॉट

कलेक्टर श्री यादव ने दुर्घटना की दृष्टि से ब्लैक स्पॉट लखापतेरी झिंझरी बायपास, चाका चौराहा, सुरकी टैंक, सरसवाही मोड़ और जोला बायपास आदि स्थानों में समुचित प्रकाश व्यवस्था संकेतक, रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर, रंबल स्ट्रिप और कैट आई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

#### मृत्यु पर 2 लाख का मुआवजा

हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना प्रतिकार बैठक में हिट एण्ड रन मोटर यान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकार योजना 2022 के तहत मुआवजा के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रूपये एवं मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की राशि प्रभावितों के विधिक परिजनों को दिए जाने का प्रावधान है। इसके तहत कलेक्टर श्री यादव ने नियमानुसार कार्यवाही करने एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों को ताकीद किया है। ताकि समय पर प्रभावितों को नियमानुसार मुआवजा राशि मिल सके।

#### स्कूल बस स्टाफ व चालकों का कराएं वैरीफिकेशन

बैठक के दौरान शहर में संचालित ऑटो पार्ट्स की दुकानों में तेज आवाज करने वाले साइलेंसर पर प्रतिबंध लगाने हेतु एसडीएम और नगर निगम को संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा निजी स्कूलों के स्कूल बस स्टाफ और वाहन चालकों का पुलिस वेरिफिकेशन कराने और दस्तावेजों की जांच आदि का कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा मानसून के मद्देनजर बाढ़ संभावित क्षेत्र के पुल-पुलियों और रपटों पर बैरिकेटिंग कराने और लोगों की तैनाती के भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़कों में आवारा विचरण करने वाले जानवरों पर नियंत्रण लगाने के लिए बीते साल के तर्ज पर अभियान चलाने के निर्देश भी कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए।

#### हादसों से बचाव के लिए स्पीड ब्रेकर व सांकेतिक बोर्ड लगाएं

जबलपुर की तरफ से कटनी की ओर शहर में प्रवेश करने हेतु मार्ग में बड़ा संकेत बोर्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अफसरों को इसी प्रकार कटनी-दमोह मार्ग पर इंदिरानगर में एनएच 7 पुल के नीचे ब्लैक स्पॉट में रंबल स्ट्रिप लगवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में पीर बाबा बायपास से पन्ना नाका एवं जुहला बायपास से गर्ग चौराहा तक दुर्घटना से बचाव हेतु वाहनों की गति नियंत्रण हेतु रंबल स्ट्रिप लगाये जाने, रेडियम पेंट, स्पीड ब्रेकर और सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार थाना तिराहा से बरही नाका तक अवैध रूप से सड़कों के किनारे लगाई जाने वाली सब्जी एवं फल-फूल की दुकानों की वजह से सड़क संकीर्ण होने से बाधित यातायात और संभावित दुर्घटना के विषय पर भी चर्चा हुई।

### ई-केवाईसी कार्य पूर्ण करने संयुक्त दल गठित

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा समय सीमा की बैठक में नगर निगम सीमान्तर्गत कराये जा रहे ई- केवाईसी कार्य में गति लाते हुए 30 जून तक पर्ण किये जानें के दिए निर्देशों के अनुपालन में नगर निगम उपायुक्त शेलेश गुप्ता द्वारा विशेष दल का गठन किया है। गठित दल में सेक्टर पर्यवेक्षक, सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड दरोगा को संलग्न कर डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क करते हुए लंबित ई-केवाईसी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। इस कार्य हेतु जागेश्वर प्रसाद पाठक राजस्व अधिकारी को को नोड़ल अधिकारी तथा सागर नायक सहायक राजस्व अधिकारी को सहायक नोड़ल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपायुक्त श्री गुप्ता द्वारा जारी आदेशानुसार नगर निगम के 45 वार्डो में प्रत्येक वार्ड में ई-केवाईसी कार्य हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नगर निगम के ए.आरआई, सेक्टर पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपरेटर को संलग्न किया जाकर दल प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस तरह वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक कुल 78 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 15 नगर निगम के ए.आरआई, 15 सेक्टर पर्यवेक्षक, 15 कंप्यूटर आपरेटर संलग्न कर दल प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मुकेश राजपूत को बनाया गया है।

### सिलौड़ी का मामला, गलियों से एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पा रही

# अतिक्रमण के चलते गांव की गलियों का मूल स्वरूप खत्म, जिम्मेदार बने उदासीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

ग्राम पंचायत सिलौंडी के 20 वार्डों में गांव की गलियों की स्थिति बहुत ही खराब हो चुकी है। गांव की हर गली में अतिक्रमणकारियों का कब्जा है लोगों ने अपने घरों के बाहर टीन सेड, पट्टी बनाकर कब्जा कर लिया है तो कोई रैम्प या फिर चौडी पट्टी बनबाये हुए है जिसके चलते गलियों का मूल स्वरूप खत्म हो चुका है गलियों की स्थिति ऐसी हो गई है की आपातकालीन स्थिति में लोगों के घरों तक एंबुलेंस फायर ब्रिगेड व बड़े वाहन पहुंचना मुश्किल हो गया है। लोगों को भवन निर्माण सामग्री को लाने में बहुत दिक्कत होती है ।

अनेकों बार इस संबंध में ग्राम पंचायत सिलौंडी का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफ ग्राम पंचायत व राजस्व अमले के द्वारा आज तक कोई ठोस कार्यवाही न होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और दिन प्रतिदिन गलियों में अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है इस संबंध में राजस्व विभाग के हल्का पटवारी का भी ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु राजस्व अमले द्वारा भी अनदेखी कर दी गई आज हालात यह है की ग्राम के प्रमुख मार्गो तक में अवैध कब्जा हो गया है जिसके चलते गलियां सकरी हो गई हैं बताया जाता है की जो गली आज के दस साल पूर्व 20 फीट की थी जहां से बड़े वाहन आसानी से निकल जाते थे वहां अब दोपहिया वाहन निकालने में परेशानी होती है।

यह स्थिति ग्राम के झंडा चौक से सोनी मोहल्ला काछी याना संगम कॉलोनी वार्ड नबर 1,2,3,6,7 ,17, 16, 15 सहित सभी वार्डों में यह स्थिति निर्मित हो चुकी है सबसे ज्यादा बाजार से झंडा चौक से कछियाना वाली गली में अतिक्रमण देखने को मिलता है जहां पर व्यापारियों और मकान वालो ने दोनों तरफ पट्टी बनाकर कब्जा कर लिया है जिसके चलते इस भीड़भाड़ वाले प्रमुख मार्ग जो की सिलौंडी के बस स्टैंड को जोड़ता है यहां पर दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है लोगों का पैदल निकलना दूभर रहता है

इसी प्रकार शिव चोक से कछियांना जाने को जोड़ने वाली सड़क का भी यही हाल है लोगों ने इस दिशा में तहसील के राजस्व विभाग व जनपद पंचायत सिहोरा के पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से आपेक्षा की है की मुख्य गलियों का अधिक्रमण हटाया जाना बहुत जरूरी है। दशहरा एवं गणेश उत्सव के चल समारोह मार्ग पर भी अतिक्रमण के चलते जुलूस निकालने में अनेको जगह प्रतिमाएं फंस जाती हैं जिसके चलते बाद विवाद की स्थिति बनती है इस समस्या को अनेकों बार पुलिस चौकी सिलौंडी में आयोजित शांति समिति की बैठक में भी शांति समिति के सदस्यों द्वारा मुद्दा उठाया गया था परंतु स्थिति ज्यों की त्यो आज भी बनी हुई है लोगों ने इस दिशा में जिला प्रशासन के मुखिया से ध्यान देने की मांग की है।

### गर्राघाट पुल के ऊपर कीचड़ से फिसल रहे वाहन चालक



बारिश के कारण उमरियापान ढीमरखेड़ा के बीच गर्राघाट के पुल के ऊपर पानी आ गया। बारिश का पानी कम होते ही नदी के पुल के ऊपर दोंनो तरफ मिट्टी जमा हो गई। सड़क पर जमा मिट्टी के बीच ग्रामीणों ने आवाजाही शुरू किया। कई मोटरसाइकिल चालक को मिट्टी की फिसलन में गिरकर चोटिल हो गए। तो कई लोग ऐसे भी रहे जो पुल के नीचे गिरते बचे। बारिश थमने के बाद जिम्मेदारों ने सड़क में जमा मिट्टी को नहीं हटवाया जिसके कारण ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ी।

# मझगवां स्थित बंद पुलिया को खुलवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एसडीएम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा के निर्देश पर मझगवां राष्ट्रीय राजमार्ग की बंद पुलिया को सुगम जल निकासी की दृष्टि से खुलवाया गया। इस पुलिया को मुरूम डालकर हाउसिंग बोर्ड निवासी पवन मित्तल द्वारा बंद कराया गया था।

कटनी नगर तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल मझगवा के पटवारी हल्का नंबर 4 पौसरा के भूमि खसरा नंबर 104/2 रकबा 0.69 हेक्टेयर भूमि जो राष्ट्रीय राजमार्ग भूतल परिहवहन विभाग पर दर्ज है। उसके अंशभाग पर पुलिया डालकर पानी निकासी हेतु पुल का निर्माण कराया गया है। किंतु करीब 1 वर्ष पूर्व खसरा नंबर 105/1 के समीपस्थ भूमि स्वामी पवन कुमार मित्तल पिता सी आर मित्तल द्वारा इस पुलिया को बंद कर दिया गया। जिससे बारिश के



पानी को निकलने में समस्या हो रही थी। पूर्व में यह पानी निकासी खसरा नंबर 104/2 से निकलते हुए 104/4, 104/1 व खसरा नंबर 102 से होते हुए पानी नदी से निकल जाता था। लेकिन पवन कुमार मित्तल द्वारा इस पुलिया को बंद करने से पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी।

इसलिए जल निकासी की व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए एसडीएम कटनी प्रदीप मिश्रा ने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। इस दल ने बुधवार को बंद पुलिया को खुलवा दिया जिससे बिना बाधा के पानी निकासी हो रही है।

इस दल में नायब तहसीलदार कटनी नगर आकाशदीप नामदेव, राजस्व निरीक्षक मझगवां धर्मेन्द्र ताम्रकार, पटवारी मझगवां नीतेश पाण्डेय और पटवारी पौंसरा सोनम गुप्ता मौजूद रही।

### प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन के लिए 11.22 लाख की दी गई है मंजूरी

# 26 आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 91 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ने 26 आंगनवाड़ी केंद्रों के भवन निर्माण हेतु 2 करोड़ 91 लाख 72 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। यह स्वीकृति मनरेगा अभिसरण मद से की गई है। इसके तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन (बाउंड्रीबाल सहित) निर्माण के लिए 11 लाख 22 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। साथ ही इन निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी संबंधित ग्राम पंचायत को बनाया गया है।

जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अनुसार विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत



रजवारा न. 1, रजवारा न. 2, सिनगौड़ी, घुनौर एवं जारारोडा में आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए 56 लाख 10 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत कछारी एवं जगुआ में तथा विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत रीठी एवं उमरिया हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण के लिए 44 लाख 88 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

वहीं विकासखंड ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत ख़ाम्हा, परसेल, बरहटा के ग्राम गाडा और कुंसरी तथा ग्राम पंचायत कछारगांव में आंगनबाड़ी केन्द्र के भवन निर्माण हेतु 56 लाख 10 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई है। जबकि विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत मडई, पिपरिया, देवराखुर्द, पौसरा के बोहता एवं पौसरा, हिरवारा, पहाड़ी, खमतरा, खरखरी, कन्हवारा, कूडो एवं हीरापुर कौड़िया में भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 34 लाख 64 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

सीईओ श्री गेमावत ने जारी प्रशासकीय स्वीकृति आदेश में कहा है कि यह निर्माण कार्य 6 माह में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। कार्य के लिए प्रदत्त प्रशासकीय स्वीकृति में ही कार्य पूर्ण किया जावे स्वीकृत राशि से यदि अधिक राशि में की जाती है तो इसका समस्त दायित्व क्रियान्वयन एजेंसी का होगा।

इसके अलावा कार्य स्थल पर क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा मजदूरों को शासन के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराएंगे पीने का पानी, फर्स्ट एड एवं छाया की व्यवस्था की सुनिश्चित की जाय।

### शासकीय तिलक महाविद्यालय में मनाया गया संविधान हत्या दिवस

# आपातकाल स्वर्णिम लोकतंत्र का काला अध्याय, लगाई सचित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आपातकाल लगाये जाने के 50वीं वर्षगांठ पर शासकीय तिलक महाविद्यालय में बुधवार को आयोजित संविधान हत्या दिवस पर संगोष्ठी एवं विचार परिचर्चा का आयोजन किया किया। जो संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु जनजागरण के प्रति समर्पित रहा। संविधान हत्या दिवस का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, शासकीय तिलक कॉलेज के प्राचार्य सुनील वाजपेई, शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, लोकतंत्र सेनानी और बड़ी संख्या में उनके परिजन, प्राध्यापक डॉ. के के मिश्रा, माधुरी गर्ग और डॉ. रूक्मणी प्रताप सिंह सहित





जिले के विभिन्न कॉलेजों से आये हुए प्राचार्य, प्राध्यापक और छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

इस मौके पर महाविद्यालय परिसर में संविधान के काला दिवस पर आधारित जीवंत सचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। जो लोगो के जनाकर्षण का केन्द्र रही। इसके अलावा चलचित्र प्रदर्शित कर आपात काल लगाये जाने के हालातों और स्थितियों की सूचनापरक जानकारी भी प्रदान की गई।

इस अवसर पर शासकीय कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने अपने उद्बोधन में आपातकाल के 21 माह की अवधि के दौरान लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दौरान अभिव्यक्ति की आजादी पर बंदिश लगाते हुए समाचार पत्रों तक के प्रकाशन पर रोक लगाई गई। वहीं राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा कि आपातकाल वास्तव में संविधान हत्या के प्रयास का दौर था। कार्यक्रम को वंदना मिश्रा, प्रबुद्ध पुरबार और पारस जैन ने भी संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि 25 जून 1975 से 31 मार्च 1977 तक करीब 21 माह के कालखंड में देश में आपातकाल रहा। इस दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए न केवल संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग किया। इसलिए इसे लोकतंत्र के लिए काला दिन माना जाता है और इस आपातकाल का विरोध करने वाले नेताओं को जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया वास्तव में वह स्वाधीनता संग्राम में क्रांतिकारियों द्वारा किए गये संघर्ष और बलिदानियों की याद दिलाता है। आपातकाल के संघर्ष में जिन देशभक्तों ने अपना योगदान दिया, उसी का यह प्रतिफल है कि आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र सुरक्षित है।

### इलाज कराने कटनी आ रही महिला लापता

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के ग्राम धवैया निवासी एक महिला इलाज कराने कटनी के लिए रवाना हुई लेकिन अचानक लापता हो गई। जानकारी के अनुसार धवैया निवासी दुर्घटिया बाई साहू 21 जून को इलाज के लिए कटनी अपने पुत्र के यहां के आ रही थी लेकिन जब वह नहीं पहुंची तो परिजनों ने आपस में जानकारी जुटाई, महिला की खोजबीन शुरू की गई लेकिन उसका पता नहीं चला। परिजन थाना पहुंचे एवं महिला के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहां हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### विभिन्न किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने ग्राम बनवार में विभिन्न किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की कार्यवाही में ग्राम बनवार में मैन बाजार स्थित एस एस ट्रेडर्स में दूषित बेसन लड्डू की 8 किलो मात्रा बाजार मूल्य 1250 रुपए का मौके पर विनष्टिकरण किया गया। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से बेसन लड्डू, हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर, लाल मिर्च पाउडर,बेसन की गुणवत्ता की जांच की गई। मौके पर समस्त किराना दुकान संचालकों को शुद्ध गुणवत्तायुक्त किराना खाद्य सामग्री ग्राहकों को विक्रय करने के निर्देश दिए गए। मौके पर किराना दुकानों में निरीक्षण के दौरान कमियां पाए जाने पर धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किए गए।

### एक अपराधी पर की प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह ।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना जबेरा के अनावेदक वीरेन्द्र राय पिता सुरेश राय निवासी ग्राम भाट खमरिया को आगामी 01 माह अर्थात 30 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक प्रत्येक मंगलवार को थाना प्रभारी जबेरा के समक्ष अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः दर्ज करायेगा तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

### स्कूल से अनुपस्थित रहने पर दो शिक्षकों को जारी किया नोटिस

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह पदेन अपर संचालक शिक्षा उमराव सिंह मरावी द्वारा गत बुधवार को शासकीय हाईस्कूल पगरी संकुल शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय शाहनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उच्च श्रेणी शिक्षक वीरेन्द्र सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक बृजपाल सिंह को संस्था से बगैर सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और शैक्षणिक एवं शासकीय कार्य प्रभावित होने के कारण नोटिस जारी कर एक जुलाई को शाम 5 बजे समक्ष में उपस्थित होकर अपना प्रतिवाद आवश्यक सहपत्रों के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

अनदेखी: हादसों का कारण बन रहे ओवरलोडिंग वाहन फिर भी कार्रवाई नहीं

# आटो चालकों की मनमानी: क्षमता तीन की, बैठा रहे 15 से ज्यादा सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आटों रिक्शा चालकों की मनमानी से राहगीर परेशान हैं नियमों को ताकपर रखकर ये बेखौफ ओवरलोड सवारियां बैठा रहे हैं इन्हें न तो पुलिस आईटीओ का खौफ है और न ही सवारियों की जान की परवाह है जहां मन मे आया ये अपने वाहन को रोक सवारियां बैठाने लगते हैं कई आटों ऐसे भी दिख जाएंगे जिन पर नंबर तक नहीं है कई तो आटों रिक्शा ऐसे भी जो बिना परमिट ही फर्राटा भर रहे हैं आटों में जहां तीन सवारियां की जगह होती है वहां ये 10 से15 तक लोग बैठाते हैं जिसके चलते कई आटों रिक्शा दुर्घटना का शिकार भी हुए हैं आटों में ओवरलोड सवारियां ले जाने की तस्वीर नगर मुख्यालय से लेकर हर ग्रामीण क्षेत्रों के मार्ग पर दिख जाएंगी लेकिन पुलिस परिवहन विभाग बैठे जिम्मेदारों को ये अनदेखी नजर नहीं आ रही है पुलिस तो सिर्फ कागजी खानापूरी तक ही सीमित है तेन्दूखेड़ा नगर सहित जबलपुर पाटन मार्ग तारादेही मार्ग दमोह मार्ग खकरिया मार्ग जामुनखेड़ा मार्ग सहित ग्रामों की ओर गए मार्गों पर आटों में





ओवरलोड सवारियां बैठाने के नजारे तो अब आम हो गए हैं।

### मालवाहक, कृषि वाहनों में भी ढो रहे सवारियां

तेंदूखेड़ा ब्लॉक में ऑटो ही नहीं बल्कि मालवाहक वाहन, कृषि वाहन सहित अन्य व्यवसायिक उपयोग में आने वाले वाहनों के चालकों द्वारा भी यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। आरटीओ से व्यवसायिक उपयोग के लिए परमिट लेकर मालवाहक वाहन, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से भी सवारियां ढोने का काम किया जा रहा है। ये नजारे नगर में हर दिन देखने को मिल जाएंगे। पूर्व में कई हादसे भी हो चुके हैं, पर जिम्मेदारों की कार्रवाई सिर्फ दिखावा साबित हुई। वहीं दूसरी ओर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे ओव्हरलोडिंग वाहनों की पुलिस द्वारा भी जांच नहीं की जाती है की कहीं चालक नशे की हालत में है या नहीं उसे छोटे वाहन से लेकर बड़े वाहन चलाने का अनुभव है कि नहीं, योग्यता है कि नहीं, कुछ भी नहीं देखा जाता है ब्रीथ एनालाइजर मशीन का भी कहीं पर उपयोग नहीं किया जाता है। शराब गांजा के नशे में वाहन चालक अंधाधुंध भाग रहे हैं, लेकिन जांच व कार्रवाई कहीं पर होती नहीं दिख रही है, सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर चेकिंग अभियान के तहत बाइक सवारों के बिना हेमलेट चेकिंग कर चालान काटे जा रहे हैं और बड़े वाहनों पर कोई नजर नहीं है।

### खतरों से भरा सफर

नगर मुख्यालय में सामग्रियों एवं अनाज के परिवहन के दौरान भी लोग खतरों से खेलते हुए नजर आते है। लोग, कभी ट्रॉली एवं पिकअप में भरी बोरियों के ऊपर बैठकर सफर करते दिखते हैं तो कभी डाले पर लटककर यात्रा करते हुए दिखाई देते हैं। इन परिस्थितियों में संभावित हादसों को रोकने के लिए प्रशासन, पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा अब तक कोई कदम नहीं उठाए गए है। ब्लॉक में तो ऐसे नजारे रोज देख सकते हैं। गौर करने वाली बात ये हैं कि पुलिस द्वारा नियमित वाहनों की चेकिंग अभियान भी नहीं चलाया जाता है। हां इतना जरूर है कि वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों का पालन करने के लिए कभी-कभार कार्रवाई कर ली जाती है।

हरिभूमि ने पहले ही किया था आगाह...

# पहली ही बारिश ने खोली पंचायत की पोल, घरों में भरा बरसात का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गेसाबाद

हरिभूमि ने अपने पिछले अंक में प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया था कि यदि समय रहते बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो लोगों के घरों के अंदर भरेगा पानी, वही समस्या मौसम की पहली बरसात में देखने को मिली जहां बरसात का पानी प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी लोगों के घरों के अंदर भरत हुआ नजर आया। ग्राम के प्रमोद नगरिया ने हरिभूमि को बताया कि रोड किनारे अगल-बगल से नाली निर्माण नहीं कराये जाने से एवं पुरानी नालियां चौक होने के कारण बरसात का पानी हम लोगों के घरों के अंदर भर जाता है जिससे हमें आर्थिक नुकसान होता है, किराना व्यापारी रिंकू जैन ऋषभ जैन बताते हैं कि बरसात में पानी हम लोगों के घरों के अंदर एवं दुकान में भर जाता है जिससे हमारा किराने का सामान खराब हो जाता है और हमारी दुकानदारी पर गहरा प्रभाव पड़ता है। ग्राम के मुन्ना जैन कार्तिक श्रीवास्तव के मकान के अंदर भी बरसात का पानी भर जाने से काफी नुकसान एवं परेशानी होती है। कभी-कभी तो कमरों के अंदर चार-चार फुट गहरा पानी भर जाता है जिससे घर के अंदर बैठने एवं रात्रि में सोने के लिए सुखी जगह नहीं होने के कारण बहुत आसुविधा होती है। कभी-कभी तो रात्रि जागरण करना पड़ता है ,डॉ भानु पटेल की क्लीनिक में बरसात का पानी भर जाने से मरीजो एवं दवाई आदि का काफी नुकसान हो जाता है। इतना ही नहीं ग्राम में बने स्वास्थ्य विभाग के अंदर भी बरसात का पानी भर जाने से अस्पताल की दवाइयां बेकार हो जाती हैं और मरीजों को बैठने तक के लिए जगह नहीं रहती है। गौरतलब है कि बरसात के पानी की निकासी नहीं होने के कारण बरसात का पानी इकट्ठा होकर लोगों के घरों के अंदर भर जाता है। आदिवासी मोहल्ला के अधिकांश मकानो में बरसात का पानी भर जाने से उन्हें पूरी रात पलंग के ऊपर बैठकर गुजारनी पड़ती है। खाने-पीने के सामान मैं पानी भर जाने से मजदूरों का बहुत नुकसान होता है। ग्रामीण जनों ने पंचायत प्रशासन से बरसात के पानी की निकासी की व्यवस्था किए जाने एवं समय रहते शीघ्र ही नालियों का निर्माण कराए जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि पंचायत प्रशासन इस समस्या पर कब? और कितना ध्यान देती है ,या फिर ग्रामीण जन इसी तरह हैरान परेशान होते रहेंगे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही



**दमोह।** ज़िला अंतर्गत यातायात पुलिस दमोह द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक को थाना यातायात से निरी दलबीर सिंह एवं स्टाफ द्वारा नगर के मारुताल चौराहे एवं यातायात थाने के सामने सघन वाहन चैकिंग कर 27 वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उक्त 27 वाहनों पर कार्यवाही कर 17500 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। विगत दिवसों में ड्रिंक एंड ड्राइव करते पाए जाने पर 01 ट्रक एवं 01 मोटर साइकिल को जब्त कर प्रकरण माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिस पर माननीय न्यायालय ने क्रमशः 10,000/- एवं 15,000/- रूपये का जुर्माना लगाया।

# अटल भूजल योजना के तहत फ्रंट लाइन वर्कर का प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

जनपद सभागार में अटल भूजल योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एस.एस. अहिरवार, डी.पी.एम.यू.नोडल अधिकारी (सागर) एवं डी.के शुक्ला, रविन्द्र पाल सिंह रैना ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।तकनीकी जानकारी और मोबाइल एप्लीकेशन पर विशेष जोर दिया नोडल अधिकारी एस. एस. अहिरवार ने बताया कि कमजोर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सुधारने के लिए कृषकों को कृषि उपकरणों के अधिक से अधिक आवेदन करने हेतु प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने सभी को अटल भूजल योजना के मोबाइल एप्लिकेशन में सही डेटा संधारित करने,फ्लो मीटर के उचित उपयोग एवं हर माह की 10 तारीख तक ग्राउंड वाटर लेवल और फ्लो मीटर की रीडिंग अपडेट करने की सलाह दी साथ ही नए समुदाय कार्यकर्ताओं को शर्ट, कैप एवं जल गुणवत्ता के रिजेंट वितरित किए गए।

हाइड्रोजियोलॉजिस्ट रविंद्र पाल सिंह रेना ने भूजल मापन, जल गुणवत्ता,वर्षा मापन की जानकारी दी। वहीं आईईसी एक्सपर्ट विक्रम सिंह ठाकुर ने जल साक्षरता रथ, डिजिटल वॉल पेंटिंग, और सोशल इवेंट में किस प्रकार से जागरूकता बैठक की एंट्री की जानकारी दी एवं प्रचार-प्रसार की अन्य गतिविधियों पर चर्चा की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से विकास खंड समन्वय उमाशंकर उपाध्याय ने कहा कि अटल भूजल योजना के तहत जल संरक्षण एक गौरव की बात है, और इस दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने फ्रंटलाइन वर्कर्स को बोरी बांधन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से जल बचाने के लिए प्रेरित किया। जल युद्धा दिलीप पटेल ने मोबाइल ऐप से लिए जाने वाले कार्य जन जागरण अभियान और जल गंगा संवर्धन अभियान पर अपनी बात रखी।

10 से कम दर्ज संख्या वाले चार स्कूल बंद करने का प्रस्ताव भेजा...

# जबेरा जनपद में दर्जनों स्कूल बंद होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले की जबेरा जनपद 10 से कम नामांकन के चलते चार को बंद करने का प्रस्ताव भेजा गया अन्य 20 स्कूलों पर तालाबंदी का खतरा मंडरा रहा है। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए सरकार की ओर से एक बड़ा बजट खर्च किया जा रहा है। अनगिनत योजनाएं चलाई रही हैं।बच्चों को शिक्षा से जोड़नो के लिए स्कूलों में विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। इसके बावजूद नामांकन की स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। अब शासन स्तर से जिन स्कूलों में नामांकन संख्या नहीं बढ़ रही है उन स्कूलों को दूसरे स्कूलों के साथ मर्ज करने पर विचार किया जा रहा है।

### कहीं 10 तो कहीं 19 बच्चों का है दाखिला

जिन 20विद्यालयों में नामांकन संख्या 20 से कम है इनमें ऐसे भी स्कूल हैं जहां कहीं 10,5,19 बच्चों का ही दाखिला है। कक्षा एक में एक भी दाखिला नहीं हो सका है। जबकी इन स्कूलों में सरकारी की ओर से कायाकल्प एवं अन्य योजनाओं के लिए करोड़ो का बजट खर्च किया गया है।

### इन स्कूलों को बंद करने का प्रस्ताव भेजा गया

प्राथमिक शाला कुसाईं, प्राथमिक शाला कोंडा खुर्द प्राथमिक शाला पटी बेड़ियां प्राथमिक शाला ताला शामिल है।

प्राथमिक शाला पटी बेड़िया दर्ज संख्या 3 प्राथमिक शाला कोंडा खुर्द 5 प्राथमिक शाला कुसाई 10 प्राथमिक शाला बंधना 10 प्राथमिक शाला ताला 10 पटना कुआं 12 प्राथमिक शाला मज़घरा सिंगौरगढ़ पड़रिया थोवन 12 प्राथमिक शाला मैली घाना 15प्राथमिक शाला,चंदपुरा प्राथमिक शाला हिनौती ठेंगा पटी 16 प्राथमिक शाला सहसना 16 प्राथमिक शाला पटना कुआं मझगांव 15 प्राथमिकशाला गुर्रहा 17 प्राथमिक शाला पटी कुलुआ 17 प्राथमिक शाला सागर भटिया 17 प्राथमिक शाला राम सलैया 19 प्राथमिक शाला सुनवारा प्राथमिक शाला कुसमी मानगढ़ करिया खेड़ा 18 बच्चे दर्ज है।

प्रवेंद्र वैध बीआरसी जबेरा का कहना है कि राज्य शिक्षा केंद्र के द्वारा 10 से कम दर्ज संख्या वाले स्कूलों के नाम मांगे गए थे जिसमें चार विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला कुशाई . शासकीय प्राथमिक शाला कोड़ा खुर्द . शासकीय प्राथमिक शाला पटी बेड़िया शासकीय प्राथमिक शाला ताला की प्रस्ताव स्कूल बंद करने के लिए राज शिक्षा केंद्र को भेज दिए गए थे और नजदीकी विद्यालय में मर्ज करने के लिए जानकारी दे दी गई लेकिन अभी तक स्कूल बंद करने के लिए कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर दी श्रृद्धांजलि

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दमोह द्वारा श्रद्धेय पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून से जयंती 6 जुलाई तक आयोजित कार्यक्रम पखवाड़े के अन्तर्गत दमोह विधानसभा के अभाना मंडल के बूथ क्रमांक 250 बढ़याऊ एवं रानी दमयन्ती नगर मंडल के सिविल वार्ड 4 के बूथ क्रमांक 168 में कार्यक्रम आयोजित कर पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अभाना मंडल में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, दमोह सांसद राहुल सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर एवं दमयंती नगर मंडल में पूर्व मंत्री दमोह विधायक जयंत मलैया, दमोह सांसद राहुल सिंह अतिथि रहें। अभाना मंडल में आयोजित कार्यक्रम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया। पौधों को विकसित होने तक संरक्षण करने का संकल्प लिया गया। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन में सदैव राष्ट्र हित को सर्वोपरि माना। नेहरू सरकार में केंद्रीय मंत्री रहते हुए उधोग क्रांति के सूत्रधार मुखर्जी जी ही थे। लेकिन अपरिहार्य कारणों से उन्होंने नेहरू मंत्रिमंडल से त्याग पत्र दिया और जम्मू कश्मीर में धारा 370 का विरोध किया। उन्हें जेल में डाल दिया वहीँ उनकी मौत हुई जो आज भी एक रहस्य हैं। हम सभी को मुखर्जी जी के विचार और सिद्धांत पर चल राष्ट्र सेवा करना है। कार्यक्रम में जिला मंत्री अरविंद उपाध्याय, जिला कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय दमयंती नगर मण्डल अध्यक्ष रमाकांत वाजपेयी, अभाना मंडल अध्यक्ष दान सिंह, आलोक गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन तिवारी, कार्यक्रम के मंडल प्रभारी श्याम विश्वकर्मा, श्याम दुबे, भरत यादव, रिंकू गोस्वामी, वार्ड पार्षद श्रीमती संगीता जैन सहित पार्षद प्रतिनिधि सतीश जैन, अनिल सैनी, हिमांशु विश्वकर्मा, संजय सोनी, सचिन नामदेव, वेद दुबे मनीष सोनी, महेश बाबू अग्रवाल, जितेंद्र चक्रवर्ती, रमाकांत मिश्रा, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं एवं माताओं बहनों की उपस्थिति रही।

## एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

**दमोह।** आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में 25 जून से एक वर्ष तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय ने आयोजन के संबंध में निर्देश जारी किये हैं। यह एक वर्षीय अभियान संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा हेतु जनजागरण के प्रति समर्पित रहेगा। भारत में 25 जून 1975 को लागू आपातकाल लोकतंत्र के इतिहास का सबसे काला अध्याय माना जाता है, इस दौरान नागरिक स्वतंत्रता का निलंबन, मौलिक अधिकारों का हनन, संवैधानिक प्रावधानों की उपेक्षा और दमनकारी कार्यवाहिया चरम पर थीं, गृह मंत्रालय द्वारा आपातकाल लागू होने की तिथि को संविधान हत्या दिवस के रूप में 11 जुलाई 2024 को अधिसूचित किया गया है। संविधान हत्या दिवस से वर्ष भर होने वाले आयोजनों के तहत केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के निर्देश पर केन्द्र सरकार द्वारा निर्मित विशेष फिल्मों का प्रदर्शन और प्रदर्शिनियों का आयोजन किया जाएगा।

## भारतीय किसान संघ ने की रिक्त पदों पर अधिकारी नियुक्त करने की मांग

**बनवार।** दमोह जिले में भारतीय किसान संघ ने विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर अधिकारी नियुक्त करने की मांग की है। रमेश यादव भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत का कहना है कि कई विभागों में जिला मुख्य अधिकारी नहीं होने और सहायक अधिकारियों को प्रभार देने के कारण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दमोह जिले में जल संसाधन विभाग - जिला समन्वयक का पद रिक्त है . कृषि विज्ञान के कृषि विज्ञान केन्द्र दमोह - सहायक समन्वयक पद रिक्त किसान कल्याण कृषि विभाग - उपसंचालक पद रिक्त सहित आत्मा दमोह - उपसंचालक पद रिक्त होने साथ साथ जिला खाद्य आपूर्ति विभाग - जिला आपूर्ति अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक - महाप्रबंधक पद रिक्त है। संघ ने मांग की है कि इन रिक्त पदों पर अधिकारी नियुक्त किए जाएं ताकि विभाग सुचारु रूप से संचालित हो सकें और आम जनता को अपने कार्य करवाने में असुविधा न हो। संघ का कहना है कि प्रभार में आए हुए अधिकारियों के पास अतिरिक्त प्रभार होने के कारण वे जिला दमोह में विभाग को समय नहीं दे पा रहे हैं, जिससे विभाग के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और रिक्त पदों पर अधिकारी नियुक्त करता है या नहीं। संघ को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी मांग पर ध्यान देगा और आम जनता की सुविधा के लिए विभागों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

# आजीविका मिशन के समूहों को किया उड़द का बीज वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



किसान कल्याण एवं कृषि विभाग जबेरा द्वारा मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जबेरा स्व सहायता समूहों को उड़द का बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को आजीविका मिशन जबेरा में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा बीज वितरण मृदा परीक्षण एवं पराली प्रबंधन के बारे में विस्तार से सभी समूहों की महिलाओं को जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है। लाडली बहना योजना के माध्यम से हर माह 1250 रुपए बहनों को दिए जा रहे हैं जो अब रक्षाबंधन से 1500 रुपए हमारी बहनों को मिलेंगे और अभी भी इस योजना से कुछ बहनें वंचित हैं उनका नाम भी इस योजना में जोड़ने के प्रयास किया जा रहे हैं। जबेरा सरपंच शिवलाल धुर्वे ने किसानों के हित में सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इस बीज का उपयोग बीज बनाने में करना जिससे गांव के लोगों को आसानी से यह बीज मिल सके। वही कार्यक्रम में उपस्थित खड़क सिंह मासाब, राजेश सिंघई, बंटी दुबे, नीरज जायसवाल, उमरवास सिंह आदि द्वारा बीज वितरण कार्यक्रम की सराहना करते हुए गांव के आम आदमी तक सरकार की योजना पहुंचने के लिए कृषि विभाग की सराहना की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए आजीविका मिशन ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा ने कहा कि स्व सहायता समूह की महिलाएं लगातार कृषि एवं महिला सशक्ति करण की दिशा में बेहतर कार्य कर रही है कन्वर्जेंसी योजना के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक ब्लॉक प्रबंधक अजय शुक्ला, दीपक सोनी एवं कृषि विभाग से अमित परमार सहित अनेकों महिला समूहों में की उपस्थिति रही।

## सभी व्यवस्थाएं नर्सिंग होम में अच्छी रहें ताकि किसी प्रकार की घटना दुर्घटना ना हो: कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर

**दमोह।** जिले में जितने नर्सिंग होम संचालित है, उनका एक रेगुलर इंस्पेक्शन होने पर नोटिस जारी किया गया था, उस नोटिस का उत्तर देना था और उसके बाद आगामी कार्रवाई की बात थी वह सभी लोग कलेक्टर से मिलने आए थे। इस संबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने निर्देशित किया था कि जो पॉइंट्स नोटिस में उठाए गए हैं, उनसे विधिवत सबके जवाब आ जाए, जवाब आने के बाद एक-एक जवाब का एनालिसिस कर लीजिए और जहाँ पर ऐसा लग रहा है कि कोई नोटिस का बिंदु है, वह नियम के अंतर्गत नहीं आता है या फिर जानबूझ करके किसी को परेशान करने के लिए दिया गया है, तो ऐसी बातों को संज्ञान में लिया जाए और यदि गलत तरीके से कोई बात नोटिसेज़ में यदि आ रही है तो ऐसे लोगों के खिलाफ़ भी कार्रवाई की जाए और संबंधित को आगे से टीम में ना रखा जाए। उन्होंने कहा जो मुख्य मुद्दा था बहुत ही सामान्य और ऐसी चीजों के लिए नोटिस जारी किए गए हैं, जिसका अधिनियम के अंतर्गत जिक्र नहीं है, इस बात का पूरा परीक्षण करने के साथ उनका पूरा जवाब देने के निर्देश दिए गए और यह भी साफ किया गया कि यदि किसी की कोई क्रॉस नेगलीजेंस आती है, एक्सेप्शनली एक या दो केसेस निकलते है, तो उनके खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा किसी को भी परेशान करने का कोई इरादा सरकार, प्रशासन का कभी नहीं रहता लेकिन यह केवल पूरी ड्रिल होती है, इसी उद्देश्य से होती है, कि सभी व्यवस्थाएँ सभी नर्सिंग होम में अच्छी रहें ताकि किसी प्रकार की घटना दुर्घटना वहाँ पर ना हो। बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में बैठक हुई और सभी लोग पूरी तरह से सहमत हो गये।

## मिनी किट योजना के अंतर्गत उड़द बीज के पैकेट वितरित



**बनवार।** कृषि विभाग के द्वारा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रितेश सिंह के मार्गदर्शन में उड़द बीज के किट एवं बीज को उपचारित करने वाले फर्टिलाइजर ग्राम भाट खमरिया एवं ग्राम हरदुआ सड़क के किसानों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि सिंह, हरदुआ सड़क के सरपंच मिट्ठू लाल सेन, भाट खमरिया के सरपंच प्रतिनिधि पंचम सिंह, भगवती मानव कल्याण संगठन के संभाग के अध्यक्ष सुजान सिंह, उपसरपंच राजेश सिंह, विजय राय, राजकुमार सिंह, नरेश द्विवेदी, और खिलान विश्वकर्मा उपस्थित थे। कृषि विस्तार अधिकारी रितेश सिंह ने किसानों को बताया कि बीज को कैसे और कब उपचारित करना है, और सही तरीके से बीज को कैसे बोना है। उन्होंने किसानों को उड़द बीज के किट और फर्टिलाइजर के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी। मिनी किट योजना का उद्देश्य किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और उर्वरकों की आपूर्ति करना है, जिससे वे अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ा सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

## खबर संक्षेप

### प्रखर विद्यार्थियों हेतु कार्यशाला 28 जून को

**दमोह।** जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 12 वीं के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा 11वीं में पचासी प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 12वीं में अध्यनरत है, के लिए शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कंप्यूटर हाल में 28 जून 2025 को दोपहर 12:30 बजे से कार्यशाला का आयोजन किया गया हैं। कार्यशाला में विद्यार्थियों को विगत वर्ष की मेरिट में आए विद्यार्थियों की बोर्ड की कॉपियों का अवलोकन कराया जाएगा एवं विषय विशेषज्ञों के माध्यम से अच्छे अंक प्राप्त करने के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए जाएंगे। कार्यशाला में विद्यार्थियों को सब्जेक्ट एक्सपर्ट के माध्यम से कुछ विशिष्ट मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में जिला कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### शासन ने किया भारमुक्त लेकिन अधिकारी पद छोड़ने तैयारी नहीं

**दमोह।** जिले में खाद्य विभाग में पदस्थ प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी के शासन द्वारा भारमुक्त किये जाने के बाद भी अधिकारी शासन के आदेशों का पालन नहीं कर रहे है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दमोह खाद्य.विभाग में पदस्थ प्रभारी सहायक आपूर्ति अधिकारी राजेश कुमार पटैल का तबादला दिनांक 13.06.2025 को जिला दमोह से जिला सागर प्रशासकीय आधार पर किया गया था एवं इन्हें दमोह से रिलीव न किये जाने के कारण शासन स्तर से दिनांक 20.06.2025 को एक तरफा भारमुक्त किया जाकर जिला सागर में कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेशित किया गया। किंतु श्री पटैल आज दिनांक 25.06.2025 को शासन से भारमुक्ति पश्चात भी जिला कार्यालय दमोह में बैठकर कार्य कर रहें हैं एवं शासन की सुविधाएं जैसी कार्यालयीन वाहन इत्यादि का दुरूपयोग निजी कार्यो हेतु भ्रमण इत्यादि में कर रहें हैं। शासन से भारमुक्ति पश्चात भी कनिष्ठ अधिकारी आज भी वरिष्ठ पदो पर विराजमान हैं एवं निडरता से विगत वर्षों से किये गये खाद्यान एवं उपार्जन कार्यों के कारनामो में लीपा पोती करने में लगे हुये हैं।

### भाई ने योजना बनाकर सुपारी देकर कराई थी भाई की हत्या

# पुलिस ने किया अंधे हत्याकांड का खुलासा, भाई ने कराई थी हत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

थाना दमोह देहात पुलिस ने एक अंधे हत्याकांड को चंद घंटों में मामले को सुलझाते हुये सनसनीखेज खुलासा किया है। मामले में मृतक का सगा भाई ही हत्याकांड का मास्टरमाइंड निकला जिसने पैसे देकर हत्या करवाई थी।

दिनांक 23 जून 2025 को थाना दमोह देहात अंतर्गत दमयंती नगर की पहाड़ी पर एक अज्ञात युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। शव की पहचान दयाराम लोधी (23 वर्ष), पिता कुद्दलाल लोधी, निवासी ग्राम रीछी, थाना सिमरिया, जिला पन्ना के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया जांच में युवक की गला घोंटकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई, जिसके आधार पर थाना दमोह देहात में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला अपराध क्रमांक 447/25 धारा 302 भा.दं.वि. के तहत दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। जंगली और सुनसान इलाके में हुई इस वारदात की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण था।

दमोह पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर निरीक्षक रचना मिश्रा (थाना प्रभारी दमोह देहात) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने सायबर ट्रेसिंग, तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर गहनता से जांच की और कुछ ही घंटों में जिला पन्ना से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियोंमें रविकरन उर्फ रूपलाल बेड़िया (38 वर्ष), निवासी ग्राम खेरी, सियाराम लोधी (26 वर्ष), मृतक का भाई, निवासी ग्राम रीछी, सोनू उर्फ छोटू बेड़िया (32 वर्ष), निवासी ग्राम खैरी, सभी निवासी थाना सिमरिया, जिला पन्ना। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि सियाराम ने ही अपने भाई दयाराम की हत्या की योजना बनाई और अन्य आरोपियों को सुपारी देकर हत्या करवाई। इंशयोरेंस पॉलिसी के चलते हत्या करवाने की बात सामने आ रही है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक रचना मिश्रा के साथ-साथ सउनि अकरम, सउनि अभय सिंह, प्र.आर. आलोक भारद्वाज, मुकेश दुबे, संजय पाठक, राधेश्याम मिश्रा, सचिन नामदेव, देवेन्द्र, अखिलेश साहू, जितेन्द्र, राकेश अठया, मयंक दुबे, रोहित, अजीत (सायबर सेल), सैनिक महफूज एवं साहबलाल ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस ने आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर दिया है। दमोह देहात पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

## आज निकलेंगे जगत के पालनहार जगन्नाथ स्वामी



दमोह। श्री जगदीश मंदिर पुराना थाना से आज शाम 5 बजे जगन्नाथ स्वामी जी 15 दिन बीमारी के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी भाई बलभद्र जी बहिन सुभद्रा जी के साथ साल में रथ दोज के दिन अपने भक्तों को दर्शन देने निकलते है। कहते है भगवान जगन्नाथ स्वामी जी के दर्शन करने से सभी गृह नक्षत्र सब ठीक हो जाते है। रथ यात्रा भक्ति, परंपरा और दिव्यता का संगम है, रस्सी खींचना मोक्ष का प्रतीक है। रथ यात्रा मार्ग श्री जगदीश मंदिर पुराना थाने टॉकीज चौराहा ,बकौली चौराहा ,घंटाघर ,उमा मिस्त्री की तलैया, बड़े पुल से महाकाली चौराहा, सिटी नल, पुराना थाना पर रथ यात्रा का विश्राम होगा जो जगन्नाथ स्वामी अपनी मौसी के निवास पर रुकेंगे। जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा समिति पुराना थाना दमोह ने आप सभी से रथ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करे।

## आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ के नीचे खड़ी 27 बकरियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिले की जबेरा तहसील अंतर्गत आकाशीय बिजली गिरने से जंगल में चरने गयीं 27 बकरियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं 23 बकरियां घायल हो गई है। मामला 26 जून की दोपहर लगभग 4 बजे का है। नयागांव से खेमचंद पाल बकरी पालक अपनी बकरियों को लेकर नयागांव के जंगल में रोज की तरह बकरियां चराने गए थे। अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए 40 नग बकरियां एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई तभी आकाशीय बिजली गिरने से पेड़ तहस-नहस हो गया। हादसे में जहां 27 बकरियों की मौत हो गई, वहीं 23 घायल हो गई है। वही बकरी पालक बाल बाल बच गया जानकारी के अनुसार खेमचंद पाल ग्राम नयागांव 27 नग मृत पाए गए हैं। प्राकृतिक आपदा इतनी भयानक थी मृत बकरियों का ढेर लग गया बता दे बकरी पालक ने अपनी जमीन बेचकर एक बकरियां खरीदी थी जो एक पल में आकाशीय बिजली गिरने से खत्म हो गई । बकरी पालक को लाखों का नुकसान हुआ ह इधर, घटना की सूचना बीट गार्ड अशोक करी के द्वारा नोहटा थाना को दी गई है।

# दुकानों में लगी भीषण आग: ज्वेलर्स और इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

गुरुवार की सुबह नगर के बड़ा बाजार श्रीराम मंदिर मार्केट में संचालित बालाजी इंटरप्राइजेज की दो दुकानों में अचानक भीषण आग लग गई जिससे ज्वेलर्स और इलेक्ट्रॉनिक की दुकानें जलकर खाक हो गई आग लगने से दोनो दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया आग लगने से बाजार में अफरातफरी मच गई। दरअसल गुरुवार सुबह नगर में तेज बारिश हुई उसके उपरांत राम मंदिर मार्केट स्थित बालाजी इंटरप्राइजेज की ज्वेलर्स व इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में अचानक भीषण आग लग गई आग लगने से आसपास के दुकानदारों ने दमकल वाहन नगर पालिका को सूचना दी जहां कुछ ही समय में दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का काफी प्रयास किया और कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया।

बालाजी दुकान के संचालक बलराम सराफ ने बताया कि सुबह 10 बजे दुकान खोलने पहुंच ही रहे थे कि अचानक सूचना मिली की दुकान में आग लग गई उन्होंने बताया कि शायद बिजली के सार्ट सर्किट से आग लगी है उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में रखें फ्रिज वाशिंग मशीन कलर टीवी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह से जलकर खाक हो गए वहीं ज्वेलर्स की दुकान में भी सोने चांदी के रखी ज्वेलरी भी जलकर खाक हो गई। दोनों दुकानों में लगभग 40 से 50 लाख का नुकसान हुआ है। जिसकी सूचना लिखित में पुलिस थाना हटा में दी गई।

### मौसम बदलने पर किया गया समय में बदलाव

# ग्रीष्म ऋतु के बाद अब आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन नए समय सारणी के अनुसार होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी निर्देशों के तहत अब ग्रीष्मकाल पश्चात आंगनवाड़ी केन्द्र संचालन के लिए समय सारिणी जारी की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री वर्मा ने बताया आंगनबाड़ी खोलना तथा बच्चों का स्वागत करना, निर्मल समय बच्चों की साफ- सफाई का अवलोकन तथा आवश्यकतानुसार बच्चों की व्यक्तिगत साफ-सफाई प्रातः 09 बजे, सामूहिक गतिविधियों का आयोजन 9:30 से 10 बजे तक, नाश्ता 10 बजे से 10:30 तक, बच्चो के द्वारा स्वतंत्र खेल 10:30 से 11 बजे तक, छोटे समूह की गतिविधियों का आयोजन 11 बजे से 11:30 तक, भाषा एवं साक्षरता पूर्व कौशल गतिविधियों का आयोजन 11:30 से दोपहर 12 बजे तक, रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन दोपहर 12 से 12:30 बजे तक, बाहरी खेल गतिविधियों का आयोजन12:30 से 01 बजे तक, भोजन एवं बच्चों को उनके गंतव्य (अभिभावकों) तक पहुँचाना 01 से 02 बजे तक, थर्ड मील- रोजाना, पोषण परामर्श- नियत दिवस, मंगल दिवस- नियत दिवस, वृध्दि निगरानी- नियत दिवस, सबला/ किशोरी बालिका योजनांतर्गत परामर्श-नियत दिवस गृह भेंट- नियत दिवस02 से 3:30 बजे तक तथा रिकार्ड संधारण का समय 3:30 से 04 बजे तक निर्धारित रहेगा। उक्त समय सारणी अनुसार आगामी आदेश तक आंगनवाड़ी केन्द्र संचालन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

ज्ञातव्य है राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुक्रम में ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव को ध्यान में रखते हुए आगामी आदेश तक जिले के समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 08 से दोपहर 12 बजे तक एवं रिकार्ड संधारण, गृह भेंट तथा अन्य कार्य हेतु समय दोपहर 12 से 03 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था।

## क्रांतिकारी राष्ट्र संघ तरुण सागरजी की 58वी जन्म जयंती पर किया पौधारोपण



**झलौन।** परम पूज्य क्रांतिकारी राष्ट्र संत मुनिश्री तरुणसागरजी महाराज के 58 वें जन्म जयंती के उपलक्ष में ग्राम झालोन स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। पूज्य मुनिश्री के जन्म जयंती के इस अवसर पर स्कूल के सभी प्राचार्यगण एवं छात्र-छात्राओं ने एकजुट होकर के अशोक एवं अन्य पौधों का वृक्षा रोपण किया साथ ही यह संकल्प भी लिया की प्रकृति को बचाने के लिए हम अपने जीवन में एक-एक पेड़ अवश्य लगाएंगे। इस शुभ अवसर पर मुनिश्री तरुणसागर जीवदया संस्थान के कार्यकर्ता वीरेंद्र जैन, अनिल जैन, सचिन जैन, अक्षय जैन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला के प्राचार्य अशोक साहू शिक्षक दिनेश जैन प्रेम सीग मुकेश जैन एवं छात्र-छात्राएंअन्य सभी प्राचार्यगण उपस्थित रहे। श्री तरुण सागर जी दया सेवा संस्थान ने सभी छात्र छात्रों एवं उपस्थित जनों से अपील की के कि जीवन में एक-एक पेड़ अवश्य लगायें।

# पुलिस ने मवेशियों से भरा ट्रक पकड़ा



**दमोह।** नरसिंहगढ़ चौकी पुलिस ने मवेशियों से भरा पकड़ने में सफल प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार पुलिस नरसिंहगढ़ को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक ट्रक मवेशियों से भरा हुआ है जो छतरपुर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी नरसिंहगढ़ और ग्राम के युवाओं द्वारा केले वाली माता के पास रोड जाम किया गया जिसमें लगभग 8 से 10 लोग वहां खड़े किए। जब दमोह की ओर से जो मवेशियों से भरा हुआ ट्रक था उसे भगाने के लिए कोई रास्ता नहीं दिखने पर मजबूरन ट्रक रोकना पड़ा। ग्रामीणों ने जब ट्रक के अंदर देखा तो भैसो से भरा हुआ ट्रक जिसमें पैर रखने के लिए जगह नहीं थी। सभी भैंस एक दूसरे से बंधी हुई थी जिनके पैर भी बंदे हुए थे। ट्रक के अंदर लगभग दो से तीन लोग मौजूद थे लेकिन दो भाग गये व एक को पकड़ लिया गया।

### रास्ते में आगे कर दी थी नाकाबंदी

पुलिस चौकी के सामने बेरीकेट लगाकर लगभग आधा घंटे से वाहन रोककर पूछताछ की जा रही थी लेकिन जब मवेशियों से भरा हुआ ट्रक आया तो इसे रोका गया लेकिन पुलिस चौकी के पास या मवेशियों से भरा हुआ ट्रक नहीं रूका। आगे जाकर किले वाली माता के सामने रोड जाम पहले से किए हुए थे तब जाकर ट्रक पुलिस के पकड़ में आया। पुलिस चौकी से पुलिस ने पीछा किया कुछ पुलिसकर्मी केले वाली माता के यहां पर भी पहले से मौजूद थे जिन्होने ट्रक को पकड़ा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रचना मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर 18 नग भैंस मवेशी एवं एक आयशर ट्रक को म. प्र . कृषक अधि. पशु क्रूरता अधि.की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी प्रशिता कुर्मी के साथ प्रधान आरक्षक प्रकाशचंद्र , आर.शिवसदन, आर.कमल, अनिरुद्ध, नीलेश,GRS राजा साहिल अली टीम का विशेष योगदान रहा है।

## गौशाला परिसर बढयाऊ में हुआ 101 पौधों का वृहद पौधरोपण कार्यक्रम



**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत गौशाला परिसर बढयाऊ (ग्राम पंचायत - अधरौटा) में 101 पौधों का वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सांसद श्री लोधी ने बरगद का पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा पौध रोपण करने का यही सही मौका हैं। उन्होंने कहा पौधरोपण एक महत्वपूर्ण गतिविधि है, जो हमारे पर्यावरण और जीवन के लिए बहुत फायदेमंद है। उन्होंने कहा हमें पौध रोपण के महत्व को समझना चाहिए और अधिक से अधिक पौध रोपण करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, गौरव पटेल, राजू कमल ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, ग्रामवासियों ने पौधरोपण कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

# आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ विगत गुरुवार से सर्वार्थ सिद्धि योग से प्रारंभ हो गया। गुप्त नवरात्रि के इन नौ दिनों में नगर के गौरीशंकर मंदिर स्थित मां पीतांबरा मंदिर पर पूजन अर्चन के लिए भक्तों का तांता लगने लगा। इस दौरान भक्त विभिन्न तरीकों से माता की भक्ति में लीन रहेंगे। आषाढ़ माह की गुप्त नवरात्रि का विशेष महत्व है यह आध्यात्मिक शक्ति प्राप्ति शत्रु नाश भय और बाधा से मुक्ति वशीकरण और आत्मबल वृद्धि के लिए उपयुक्त है। तंत्र साधना में रुचि रखने वालों के लिए यह सिद्धि प्राप्त करने का उत्तम समय माना जाता है। व्यापार मुकदमे बीमारी दुश्मन आदि से छुटकारा पाने के लिए यह विशेष लाभकारी है। उपकाशी हटा नगरी के पीताम्बरा पीठ मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव हर्षोल्लास के साथ श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। पीताम्बरा पीठ के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि आषाढ़ गुप्त नवरात्र उत्सव 26 जून से प्रारंभ हो गई जो 4 जुलाई तक मनाई जाएगी। पीतांबरा मंदिर में नवरात्र के प्रथम दिन प्रातःकालीन श्री ब्रह्मशक्ति बंगलामुखी देवी, महाकाली महालक्ष्मी देवी का षोडश मंत्र द्वारा दूधधारिया पूर्वक अभिषेक कर विशेष श्रृंगार कर पूजन किया गया।

### गुप्त नवरात्रि का महत्व

पीतांबरा मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की पूजा आध्यात्मिक साधक और तांत्रिक करते हैं। यह नवरात्रि गहन



साधनाओं और अनुष्ठानों के लिए समर्पित है, जिसमें दस महाविद्याओं काली, तारा, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी, कमला की अराधना की जाती है। गुप्त नवरात्र का पर्व सनातन धर्म में बहुत शुभ माना जाता है जो मां दुर्गा की पूजा के लिए समर्पित है। इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और रोग दोष दूर होते हैं। यह मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित है। गुप्त नवरात्र को तंत्र-मंत्र और गुप्त सिद्धियों के लिए विशेष माना जाता है। इस दौरान देवी की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। कहते हैं कि इस दौरान कठिन उपवास करने से सभी तरह के रोग-दोष दूर होते हैं।

गुप्त नवरात्रि में नवदुर्गा के साथ साथ विशेष तांत्रिक देवियों की पूजा की जाती है। काली तारा छिन्नमस्ता षोडशी भुवनेश्वरी त्रिपुर भैरवी धूमावती बंगलामुखी मातंगी व कमला गुप्त साधना की प्रमुख देवियां हैं। गुप्त नवरात्रि वर्ष में दो बार आती है जोकि साधकों के लिए विशेष महत्व रखती है। प्रकट नवरात्रि की तुलना में गुप्त नवरात्रि में देवी की साधना अधिक गुप्त रूप से की जाती है। गुप्त नवरात्रि में गुप्त रूप से साधना करने पर साधक को आध्यात्मिक और भौतिक लाभ मिलते हैं। जैसे मानसिक शांति गहन ध्यान साधना में सहायता सुरक्षा समृद्धि सफलता की प्राप्ति और जीवन में आने वाली बाधाओं का नाश होता है। गुप्त नवरात्रि सार्वजनिक भक्ति से हटकर अंतरात्मा से जुड़ने और साधना में लीन होने का समय होता है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजीत सिंह यादव पिता विरजलाल यादव व उषा किरण पति नरेश यादव दोनों निवासी हाथी पोता मोहल्ला कोसली जिला रेवाड़ी हरियाणा के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि मौजा पटेरा, प.ह.न. 17/29 तहसील पटेरा जिला दमोह (म.प्र.) में खसरा नंबर 1374/1, 1374/2 रकवा क्रमशः 4.20 हे., 4.20 कुल रकवा 8.40 हेक्टेयर में से सम्पूर्ण रकवा को क्रय किये जाने का सौदा क्रेता परमेश्वर पटैल पिता श्री रामजी पटैल निवासी ग्राम रामसलैया, तहसील जबेरा जिला दमोह (म.प्र.) ने विधिवत कर लिया है तथा जिसके अनुबंध पत्र का निष्पादन भी कर लिया गया है। अतः उक्त वर्णित संपत्ति संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म राष्ट्रीयकृत / अराष्ट्रीकृत बैंक, वित्तीय संस्थान / कार्यालय को कोई आपत्ति हो या ऐसा कोई व्यक्ति, फर्म राष्ट्रीयकृत /अराष्ट्रीकृत बैंक, वित्तीय संस्थान / कार्यालय उक्त संपत्ति में अपना हित रखता हो तो वह अपनी ऐसी लिखित आपत्ति व उससे संबंधित मूल प्रमाणित दस्तावेजों के साथ इस सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है।

सूचनाकर्ता
परमेश्वर पटैल पिता श्री रामजी पटैल
निवासी ग्राम रामसलैया,
तहसील जबेरा जिला दमोह (म.प्र.)
मो. नं. - 9300693863